# तू ही है मेरा साथी | By Babita Soni

राधे श्री राधे, राधे श्री राधे राधे
राधे श्री राधे, राधे श्री राधे राधे

तक़दीर पे मेरी तुमने जो किये है लाखों करम
एहसान है तेरे कितने शब्दों में कहें क्या हम
तू ही है मेरा साथी साथी, जीवन साथी साथी
एक तू ही मेरा हमदम

दुनिया ने जब ठुकराया
बेबस समझ के सताया
ऐसे में मुझको बचाया
तुमने प्रभु हर दम
ज़ख्मो पे भी लगाया है
तुमने सदा मरहम
एहसान है तेरे कितने शब्दों में कहें क्या हम
तू ही है मेरा साथी साथी, जीवन साथी साथी
एक तू ही मेरा हमदम

सच्ची हैं सारी वो बातें
मोहित ने जो भी लिखी है
मुझको सहारा दिया है
तुमने प्रभु हर दम
शुक्राना मैं करू तेरा मेरी आँखें हुई हैं नम
तू ही है मेरा साथी साथी, जीवन साथी साथी
एक तू ही मेरा हमदम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a5%e0%a5%80-by-babita-soni/